C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:59 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 77 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 9 सितम्बर 2025

नेपाल हिंसा के बीच मनीषा...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नाबालिक स्कूटी सवार पर ओवर स्पीड वाहन चलाने पर कार्रवाई

**हल्द्वानी।** रोडवेज बस स्टेशन के समीप पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी इसी दौरान एक नाबालिक स्कूटी पर सवार होकर तेज गति से स्कूटी चला कर ला रहा था तभी मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने उसे रोक लिया और उस कागज और डी एल मांगा लेकिन उसने ना तो कागज दिखाएं नहीं अपना लाइसेंस नाबालिक ने बताया कि उसकी उम्र 14 वर्ष है। पुलिस में उसके पिता को खाना बुलाकर स्कूटी के कागजात और पुत्र का लाइसेंस मांगा लेकिन नाबालिग के पिता ने पुलिस से हाथ जोड़कर माफी मांगी और उसने कहा कि मेरा पुत्र नाबालिक है और वह घर से देना बताएं स्कूटी लेकर आ गया गौरव जोशी ने बताया कि स्कूटी रजिस्ट्रेशन किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर है जिसकी मृत्यु कई महीनो पहले हो चुकी है पुलिस कई संगीन धाराओं में नाबालिक के चालान के साथ-साथ उसके पिता का भी चालान कर उसकी स्कूटी को सीज कर कार्रवाई की पुलिस का कहना है कि अपने बच्चों को वाहन नहीं जिंदगी दें। फुर्सत आना हिंदी समय-समय पर चलाया जाता है जिससे हर इंसान की सुरक्षा बनी रहे पुरुष की कार्यवाही से एक अच्छा संदेश क्षेत्र में गया है गौरव जोशी का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अगली सूचना तक कर्फ्यू के आदेश, भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी

# नेपाल में फिर भड़के प्रदर्शनकारी, पत्थरबाजी और आगजनी

**नई दिल्ली**

एजेंसी

सोमवार को बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार सुबह होते ही एक बार फिर काठमांडू में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं नेपाल की राजधानी काठमांडू सहित कई जिलों में अधिकारियों ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय ने पूरे राजधानी शहर में सुबह 8:30 बजे से अगली सूचना तक कर्फ्यू के आदेश जारी किए।

नेपाल में सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर बैन हटने के बाद भी ओली सरकार के खिलाफ विरोध की आग अभी शांत नहीं हुई है। कथित भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हालिया प्रतिबंध को लेकर सरकार के खिलाफ सोमवार को हुए बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार सुबह होते ही एक बार फिर काठमांडू में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं। नेपाल की राजधानी काठमांडू सहित कई जिलों में अधिकारियों ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय ने पूरे राजधानी शहर में सुबह 8:30 बजे से अगली सूचना तक कर्फ्यू के आदेश जारी किए। इस बीच,



काठमांडू में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन को लेकर भारतीयों के संदर्भ में विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी ी है। इसमें नेपाल में रहने वाले भारतीयों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

काठमांडू के मुख्य जिला अधिकारी छबीलाल रिजाल ने यह नोटिस जारी किया। इसमें कहा गया है कि कर्फ्यू के दौरान लोगों की आवाजाही, किसी भी प्रकार के जमावड़े, प्रदर्शन, धरना, बैठक और धरने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, एम्बुलेंस, दमकल, स्वास्थ्य कर्मियों, पर्यटकों, मीडिया कर्मियों और हवाई यात्रियों को ले जाने वाले वाहनों सहित आपातकालीन सेवाओं को सुरक्षा कर्मियों के समन्वय में संचालित करने की अनुमति होगी।

वहीं, निकटवर्ती भक्तपुर जिले के प्रशासन ने भी पेप्सीकोला, राधेराधे चौक, सल्लाघारी, दुवाकोट और चांगु नारायण मंदिर सहित कई इलाकों में सुबह 8:30 बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। ऐसे ही ललितपुर महानगर के कुछ हिस्सों में भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

वहीं, कर्फ्यू के आदेशों के बावजूद, मंगलवार सुबह क्षेत्र के कई हिस्सों में छात्रों के नेतृत्व में सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए। काठमांडू के कलंकी और बानेश्वर के साथ-साथ ललितपुर जिले के चापागांव-थेचो इलाके से भी प्रदर्शन की खबरें आईं। इस दौरान, प्रदर्शनकारियों ने प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए छात्रों की हत्या मत करो जैसे नारे भी लगाए। वहीं, कलंकी में प्रदर्शनकारी सुबह से ही उग्र दिखे। इस दौरान उन्होंने सड़कों को बंद करने के लिए टायर जलाए। कर्फ्यू लागू होने से



लोगों में भय और घबराहट दोनों देखी गई। लोग जरूरी सामान खरीदने के लिए किराने की दुकानों और दवा की दुकानों पर उमड़ पड़े। राज्य के कई जिलों के ताजा हालात यह हैं कि सार्वजनिक परिवहन ठप हो गया है और शैक्षणिक संस्थान बंद हैं। बीते दिन हुए विरोध प्रदर्शन में कम से कम 20 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। इतना ही नहीं 340 लोगों से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सरकार के खिलाफ बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद काठमांडू में कर्फ्यू लगा दिया गया है। काठमांडू में कल प्रदर्शनकारियों ने संसद गेट पर तोड़फोड़ की और प्रदर्शन हिंसक हो गया। लोगों ने कथित भ्रष्टाचार और फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुई।

# काशीपुर पहुंचे सीएम धामी, प्रबुद्धजनों से संवाद किया

**काशीपुर**

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर पहुंचे और उन्होंने प्रबुद्धजानो से भेंट एवं विचार विमर्श कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि आज इस सभागार में काशीपुर के डॉक्टर्स, इंजीनियर, शिक्षाविद,अधिवक्ता,उद्यमी, व्यापारी,समाजसेवी, जनप्रतिनिधि समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजन अपने-अपने क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा,अनुभव, ज्ञान, सेवा भाव और संकल्प के माध्यम से न केवल समाज को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि देश और प्रदेश को प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने वाले अग्रदूत हैं, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में आप सभी के साथ किया गया सार्थक संवाद उत्तराखंड



के विकास के हमारे सामूहिक संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति के साथ भारत विकास और समृद्धि के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत में न केवल निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है, बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में भी व्यापक परिवर्तन आया है।भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प को साकार करने के लिए आज योजनाबद्ध तरीके से कार्य भी किया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि विश्व के बड़े बड़े देश ये देखकर अचंभित हैं कि भारत में सब्जी की एक छोटी सी दुकान लगाने वाली महिला भी यूपीआई के ज़रिए मोबाइल से पेमेंट का लेनदेन कर रही है। आज देश के 55 करोड़ से अधिक लोग बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ चुके हैं। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर विश्व की एक बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। आज हमारी बढ़ती शक्ति ने कुछ देशों को चिंता में डाल दिया है, इसलिए वो हमारे बढ़ते कदमों को रोकने के असफल प्रयास कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जहां एक ओर हमारा देश, कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, ट्रिपल तलाक जैसी कुप्रथा का अंत, नागरिकता संशोधन कानून और वक्फ संशोधन जैसे कई ऐतिहासिक निर्णयों और उपलब्धियों का साक्षी बना है। सीएम ने संवाद के दौरान प्रदेश कराए जा रहे विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में सीएम ने काशीपुर के विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रबुद्धजनों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि इस नये कार्यक्रम कि शुरुआत काशीपुर से रही जो अब पूरे प्रदेश में चलेगा। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गणेश जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, विधायक शिव अरोरा, मेयर दीपक बाली, दर्जा राज्यमंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम,जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज पाल, पूर्व सांसद बलराज पासी, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा,एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एसपी काशीपुर अभय सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम धामी नानकमत्तना साहिब पहुँचे,मत्था टेक सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की

**काशीपुर**

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नानकमत्ता साहिब बड़ा गुरुद्वारा पहुँचे। मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में मत्था टेका व प्रदेश के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने गुरुद्वारा पहुँच गुरु तेग बहादुर जी के चरणों में शत-शत नमन करते हुए, गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस पर आयोजित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी,अमृतसर द्वारा आसाम से अमृतसर तक नगर कीर्तन (पदयात्रा) में आये सभी संगत सदस्यों एवं उपस्थित महानुभावों का देवभूमि उत्तराखंड के समस्त नागरिकों की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ये मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे आज गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के पावन अवसर पर आयोजित शहीदी नगर कीर्तन यात्रा की संगत का हिस्सा बनने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर कीर्तन यात्रा असम के धोबड़ी साहिब से प्रारंभ होकर विभिन्न राज्यों से होते हुए श्री आनंदपुर साहिब पहुंचकर पूर्ण होगी जो कि लगभग 2500किमी की है। उन्होंने कहा कि ये केवल एक नगर कीर्तन यात्रा नहीं,बल्कि आस्था,एकता और गुरु साहिब के संदेश जन-जन तक पहुंचाने का पवित्र अभियान है।

# पहाड़ों में तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में अब मानसून के कमजोर पड़ते ही गर्मी भी अपना असर दिखा रही है। हालांकि कुछ जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं।

भले ही बीते कुछ दिनों से बारिश से पूरे प्रदेशभर में राहत मिली हो लेकिन बारिश रुकते ही उमस भरी गर्मी भी अपने तेवर खूब दिखा रही है। यह स्थिति सिर्फ मैदानी इलाकों की ही नहीं, बल्कि पर्वतीय इलाकों में भी उमस भरी गर्मी कुछ देर के लिए परेशान कर रही है। वहीं, आज प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में आज तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि मैदानी इलाकों में गर्जन के साथ बिजली चमकने की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो 14 सितंबर तक प्रदेशभर में हल्की बारिश के आसार हैं। प्रदेश में इस साल औसत से अधिक बारिश से सड़कों को बहुत नुकसान हुआ है। यह कहना है आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन का। उन्होंने बताया कि अगस्त में औसतन तीन से साढ़े तीन सौ मिलीमीटर बारिश होती है लेकिन इस साल 554 मिलीमीटर बारिश हुई। इससे राष्टीय राजमार्गों, लोनिवि और पीएमजीएसवाई की सड़कों को नुकसान हुआ है। अब तक 1786 सड़कें बंद हुईं, इसमें से 1706 खोल दी गई हैं। जबकि 80 सड़कें अब भी बंद हैं। आपदा प्रबंधन सचिव के मुताबिक प्रदेश में जहां रास्ता बंद हो रहा है उसे खोला जा रहा है, लेकिन बारिश से रास्ते फिर से बंद हो रहे हैं। इससे स्थानीय परिसंपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है।

# बनभूलपुरा में सुबह-सुबह पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान, मचा हड़कंप

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मंगलवार की सुबह को पुलिस टीम ने बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया पुलिस टीम को सुबह सुबह देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया सत्यापन अभियान ने सुरक्षा को एक नई दिशा दी है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस व्यापक अभियान का उद्देश्य शहर में अपराध और अराजक तत्वों पर नकेल कसना है। यह अभियान पूरे जोर-शोर से चलाया जा रहा है, जिसमें हजारों लोगों का सत्यापन किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत उन मकान मालिकों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है, जिन्होंने अपने किराएदारों का सत्यापन नहीं कराया है। पुलिस ने ऐसे कई मकान मालिकों पर जुर्माना लगाया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि अब



कोई भी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किराएदारों का सत्यापन न कराने वाले मकान मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है, ताकि बाहरी और अराजक तत्वों की घुसपैठ को रोका जा सके। सत्यापन कराने के लिए लोग सुबह से ही थाना चौकियों के बाहर लंबी लाइने देखने को मिल रही है । बनभूलपुरा क्षेत्र में यह दृश्य और भी स्पष्ट है, जहां सत्यापन कराने वाले लोगों की भीड़ देखी जा रही है। लोग यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके किराएदारों का सत्यापन सही तरीके से हो, ताकि किसी भी तरह की कानूनी दिक्कत का सामना न करना पड़े।

सिर्फ मकान मालिकों और किराएदारों का ही सत्यापन नहीं किया जा रहा, बल्कि फड़ ठेली और रेहड़ी वालों का भी सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने कर्मचारियों का सत्यापन कराएं, ताकि शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके।

हालांकि, इस अभियान के चलते स्थानीय लोगों को भी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानीय निवासियों ने पुलिस से अनुरोध किया है कि उन्हें सत्यापन में छूट दी जाए। उनका कहना है कि उन्हें बार-बार सत्यापन के लिए थानों में जाना पड़ रहा है, जिससे उनके दैनिक जीवन पर असर पड़ रहा है। एसपी सिटी ने इस मामले में बताया कि यह अभियान शहर की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने सभी मकान और दुकान स्वामियों से अनुरोध किया कि वे अपने यहां काम करने वाले लोगों का सत्यापन करें। उनका मानना है कि यह प्रक्रिया न केवल सुरक्षा को बढ़ाएगी, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और जागरूकता भी बढ़ाएगी।

# नशे का सौदागर से 7 लाख की चरस बरामद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं की एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स की नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कार्रवाई के दौरान एएनटीएफ यूनिट ने जनपद चंपावत के थाना टनकपुर क्षेत्र से करीब 7 लाख रूपये की चरस के साथ यूपी का एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

तस्कर के खिलाफ टनकपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। एएनटीएफ यूनिट ने थाना टनकपुर पुलिस और एसओजी चंपावत के साथ सयुंक्त कार्रवाई की। नशा तस्कर के कब्जे से करीब 1 किलो 208 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एसटीएफ की एएनटीएफ यूनिट कुमाऊं को राज्य के सभी जनपदों में नशे के खिलाफ कड़ी निगरानी को निर्देशित किया गया है। एएसपी स्वप्न किशोर सिंह व सीओ आरबी चमोला के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट पावन स्वरुप के नेतृत्व में टीम ने थाना टनकपुर क्षेत्र में स्थानीय पुलिस व एसओजी चंपावत टीम को साथ लेकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए ककराली गेट टनकपुर से एक चरस तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से कुल 1 किलो 208 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब 7 लाख रुपए है। पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम की जानकारी हुई है। जिन पर अलग से कार्रवाई की जायेगी।अभियुक्त का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने निम्न ऑफिस नंबर जारी करते हुए जनता से अपील की है कि नशे से दूर रहे। उन्होंने बताया कि तस्कर यूपी के जनपद बरेली थाना नवाबगंज के आदर्श नगर दीपक कुमार पुत्र धर्मेंद्र शर्मा का निवासी है। एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट जनवरी 2025 से अब तक चरस-11 किलो 981 ग्राम, हेरोइन-1 किलो 203.46 ग्राम, एमडीएमए- 7.41 ग्राम, अफीम- 2 किलो 513 ग्राम मादक पदार्थों की बरामदगी की गई। कार्रवाई में ये टीमें एंटी नार्कोटिक्स टीम में निरीक्षक पावन स्वरुप,एसआई विपिन चंद्र जोशी,एसआई विनोद जोशी, एएसआई जगवीर शरण,हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह, हेड कांस्टेबल महेन्द्र गिरी, आरक्षी वीरेंद्र चौहान,इसरार अहमद, मोहित जोशी आदि शामिल रहे। थाना टनकपुर पुलिस टीम में निरीक्षक चेतन रावत, एसआई ललित पांडे,हेड कांस्टेबल संजीत कुमार। एसओजी चंपावत टीम में हेड कांस्टेबल मतलूब खान,हेड कांस्टेबल तपेंद्र जोशी,उमेश राज आदि शामिल रहे।



# 430 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधा रोपण अभियान सोमवार को 430 वें दिन भी जारी रहा।

दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में सोमवार को मेरा पौधा- मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत विद्यालयों को पौधरोपण अभियान से जोडने् के क्रम में जिसके तहत छात्र.छात्राओं को पौधे अपने घर के परिसर में लगाने हेतु दिए जाते हैं जिसमें छात्र-छात्रा उस पौधे की देख-रेख वृक्ष बनने तक घर के सदस्य के रूप में करते हैं के तहत राजकीय इंटर कॉलेज चौबाटी के छात्र-छात्राओं व गुरूजनों को अभियान से जोड़ते हुए हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई,इसके साथ ही प्रत्येक छात्र-छात्रा को दो-दो पौधे कुल 400 पौधों का वितरण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य काशी राम गौतम के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण भी किया गया। प्रधानाचार्य गौतम ने कहा कि यह पौधारोपण अभियान भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने दिनेश गुरु रानी की इस मुहिम का स्वागत करते हुए कहा कि अब छात्र.छात्रा दिए गए पौधों का संरक्षण करेंगे। अध्यापक दीवान सिंह बोरा ने कहा कि यह छात्र छात्राओं को जोडने् की राज्य में नई मुहिम है। अध्यापक बलवीर सिंह खोलिया ने कहा कि पौधारोपण अभियान से सभी को जुडऩा चाहिए।

# राइफल शूटिंग एवं शतरंज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानसठ रोड मुजफ रनगर (उत्तर प्रदेश) में 1 से 3 सितंबर तक आयोजित 37वीं विद्या भारती क्षेत्रीय राइफल शूटिंग एवं शतरंज प्रतियोगिता में दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने राइफ ल शूटिंग में प्रतिभाग किया जिनमें से 3 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक प्राप्त किए साथ ही नवांश अग्रवाल, पारस बिष्ट एवं विकसित चौधरी का चयन अखिल भारतीय प्रतियोगिता साहिबाबाद के लिए हुआ। इसके अतिरिक्त विद्यालय की अंडर-14 तथा अंडर-17 एवं अंडर-19 टीमों ने भी उमदा प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विद्यालय की शतरंज टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं शूटिंग कोच निपेन्द्र कुमार चौहान के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने उनके निर्देशन में कठोर अभयास कर यह उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने इस सफ लता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से यह कामयाबी प्राप्त की है। यह सफ लता केवल विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि हमारे चयनित खिलाड़ी अखिल भारतीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और विद्या भारती का नाम ऊँचा करेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा अभिभावकों और प्रशिक्षकों का हृदय से आभार प्रकट किया।



## NEWS / फटाफट

### महोत्सव समापन के बाद भी दुकान चलाने पर चालानी कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर के नंदा देवी महोत्सव के समापन के बाद भी दुकान न हटाकर कई लोग सामान बेचते रहे। पुलिस ने दुकाने हटवाने के साथ ही 11 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। बता दें कि नंदा देवी महोत्सव के तहत लगा व्यापारिक मेले का समापन रविवार की शाम को ही हो चुका है। रविवार की शाम को ही पुलिस व पालिका की ओर से दुकान हटाने के लिए मुनादी करी गई। जिसके बाद रात से ही दुकानें हटानी शुरू कर दी लेकिन कई लोग सोमवार को भी दुकान लगाकर सामान बेचते रहे। जब दोबारा मुनादी के बाद भी दुकाने नहीं हटी तो पुलिस ने चालानी कार्रवाई शुरू कर दी। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मेला खत्म होने के बाद भी दुकान लगाए रखने पर मुरादाबाद निवासी मुस्तफ ा, अहमद नवी, सराहनपुर निवासी सौरभ, पंतनगर निवासी शरीफ , टांडा निवासी इरफ ान, भूरा तथा रामपुर निवासी शकील, मुरादाबाद मो. जुबेर तथा रामपुर निवासी ताहिर, ऊधमसिंह नगर निवासी मोबिन व रुद्रपुर फुरकान के खिलाफ पुलिस एकट में चालानी कार्रवाई की है।

### लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पेरैंट डे काआयोजन



**नैनीताल ।** नगर के प्रतिष्ठित लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल (एलपीएस) के प्रांगण में रविवार को ग्रैंड पेरेंट डे का आयोजन धूमधाम से किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुखय अतिथि अलोक साह एवं गीता साह द्वारा दीप प्रज्वल करके किया गया जिसके उपरान्त विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा देवभूमि उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर आधारित बैंड परफ ोर्मेंस की गयी जिसमें विभिन्न लोक सांस्कृतिक गीत गए गए,उसके पश्चात् प्री- प्राइमरी के नन्हें मुन्नें बच्चों द्वारा दादा दादी को समर्पित कार्यक्रम किए गए जिसमें डांस और भाषण प्रतियोगिता प्रमुख थी। इसके अलावा दादा दादी के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद यापन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्या श्रीमती कविता सनवाल तथा गुरुजन तथा सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### युवा नेता विक्रम के पिता के निधन पर शोक जताया



**नैनीताल।** भाजपा के युवा नेता विक्रम सिंह रावत के पिता दान सिंह रावत का सोमवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपाइयों समेत बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है। उनकी शव यात्रा मंगलवार सुबह 10 बजे मल्लीताल स्थित अजंता होटल परिसर से निकली गई व उनका अंतिम संस्कार समीपवर्ती पाईंस श्मशान घाट में किया गया। दुख व्यक्त करने वालों में विधायक सरिता आर्य, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा मंत्री शांति मेहरा, नितिन कार्की, गोपाल सिंह रावत, विमल बिष्ट, आनंद बिष्ट, मोहित साह, हरीश राणा, मोहित आर्य, विक्की राठौर, भूपेंद्र सिंह, नवीन जोशी, आशीष बजाज, समेत अन्य लोग रहे।

### 14 को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 सितंबर को गोवर्धन हाल में स्वर्गीय सुषमा शाह की स्मृति में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए कविता त्रिपाठी को संयोजक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता दो चरणों में होगी पहले चरण में 3 से 6 वर्ष और दूसरे चरण में 7 से 14 वर्ष तक के बच्चे भाग लेंगे। प्रतिभागी बच्चे अपनी सुविधा अनुसार थीम चुन सकेंगे। प्रतियोगिता प्रात: 10 बजे से गोवर्धन हाल में शुरू होगी। नगर के प्रत्येक विद्यालय से 10 बच्चों को भाग लेने की अनुमति होगी। कार्यक्रम के प्रायोजक संजय शाह ने बताया कि यह प्रतियोगिता उनकी धर्मपत्नी स्व. सुषमा शाह की स्मृति में विगत पाँच वर्षों से आयोजित की जा रही है। इस वर्ष भी आयोजन को भव्य रूप दिया जाएगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नैनीताल में ठंड बढने् से ऑर्थो मरीजों की दिक्कतें बढ़ी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मार्च के पहले सप्ताह में भी ठंड नैनीताल में लोगों को परेशान कर रही है। इस सप्ताह हल्की बारिश के चलते ठंड बढने् से ऑर्थो के मरीजों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।



इन दिनों उपचार के साथ हड्डी रोग विशेषज्ञ ऑर्थो के मरीजों को स्वास्थ्य सलाह भी दे रहे हैं। ताकि मरीज ठंड के दिनों में दर्द से बच सकें। बता दें कि मार्च का महिना यानी गर्मी का महिला शुरू हो चुका है। जहाँ मैदानी क्षेत्रों में गर्मी शुरू हो चुकी है वहीं नैनीताल में अब भी ठंड महसूस की जा रही है। बीते दो चार दिनों में हल्की बारिश के चलते नगर में सुबह शाम कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। जिसके चलते बीडी पांडे अस्पताल में जोड़ोंए घुटनोए मांसपेशियों व कमर में दर्द की शिकायत लेकर ऑर्थो के मरीज पहुंचने लगते हैं। उम्रदराज लोगों को मांसपेशियों व जोड़ों का दर्द होने लगा है। जो उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। बीडी पांडे अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र रावत ने बताया कि नैनीताल में सुबह शाम ठंड के चलते शरीर में रक्त प्रवाह ठीक से नहीं हो पाता। जिससे ऑर्थो के मरीजों को जोड़ों में दर्द होने लगता है। बताया कि ठंड में यह समस्या बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए ऑर्थो के मरीजों को सुबह शाम ठंड टहलने से बचना होगा। साथ ही गुनगुनी धूप सेककर व्यायाम करना चाहिए। ताकि शरीर में रक्त प्रवाह अच्छा हो व मांसपेशियों को भी मजबूती मिले।

# दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सीबीएसई सेंटर ऑफ एकसीलेंस देहरादून के तत्वावधान में नैनीताल जिले के नैन्सी कॉन्वेंट विद्यालय ज्योलीकोट में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।



बता दें कार्यशाला का मुखय विषय किशोरावस्था शिक्षा रहा जिसके अंतर्गत किशोरावस्था के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श एवं मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में नैनीताल जनपद के विभिन्न विद्यालयों के अनेक शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। संसाधन व्यक्ति के रूप में सिंधिया स्कूल के शैक्षणिक समन्वयक भगवान वल्लभ जोशी तथा लिटिल स्कॉलर्स की प्राचार्या शिखा गौतम उपस्थित रहीं। दोनों विशेषज्ञों ने किशोरावस्था से जुड़े शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया कि यह जीवन का अत्यंत संवेदनशील एवं निर्माणकारी दौर होता है। उन्होंने शिक्षकों को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि इस अवस्था में विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच तथा नैतिक मूल्यों एवं उचित परामर्श की आवश्यकता होती है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों समूह चर्चा एवं विजुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से विषय को और अधिक प्रभावी बनाया गया।

विशेषज्ञों ने यह भी स्पष्ट किया कि किशोर विद्यार्थियों की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में प्रवाहित करना ही शिक्षकों का दायित्व है जिससे वे समाज के जिमेदार नागरिक बन सकें। विद्यालय के निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह एवं प्राचार्या श्रीमती हिना मुजद्दी ने कार्यशाला में सहभागिता कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और इसे शैक्षिक उन्नयन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।

कार्यशाला के समापन पर शिक्षकों ने साझा अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि यह दो दिवसीय आयोजन उनके लिए ज्ञानवर्धकए प्रेरणादायी और व्यवहारिक रूप से अत्यंत उपयोगी रहा। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर आई.पी. सिंह तथा चेयरपर्सन श्रीमती मंजू सिंह ने भी सभी को शुभकामनाएँ दीं और आशा व्यक्त की कि ऐसी कार्यशालाएँ भविष्य में भी निरंतर आयोजित होती रहेंगी।

# अभिमत

## नकली सामान

***दुकान पर तरह-तरह के सामान देखने से उपभोक्ता को असली-नकली की पहचान करना आसान होता है। ऑनलाइन खरीदारी का चलन तेजी से बढ़ा है। इसी के साथ ई-कामर्स के माध्यम से नकली सामान बेचकर अधिक से अधिक मुनाफा कमाने वाले सक्रिय हो गये हैं। अब देशभर से नकली सामान की शिकायतें बढ़ रही हैं। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ई-कामर्स कंपनियों के गोदामों पर मारे गये छापों में नकली सामान पकड़े जाने से शिकायत सही होने की पुष्टि हुई है। ऑनलाइन खरीदारी अब नुकसानदेह साबित हो रही है।***

बाजार में असली और नकली सामान हमेशा से बिकता रहा है। उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी भी होती रही है। दुकान पर तरह-तरह के सामान देखने से उपभोक्ता को असली-नकली की पहचान करना आसान होता है। ऑनलाइन खरीदारी का चलन तेजी से बढ़ा है। इसी के साथ ई-कामर्स के माध्यम से नकली सामान बेचकर अधिक से अधिक मुनाफा कमाने वाले सक्रिय हो गये हैं। अब देशभर से नकली सामान की शिकायतें बढ़ रही हैं। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ई-कामर्स कंपनियों के गोदामों पर मारे गये छापों में नकली सामान पकड़े जाने से शिकायत सही होने की पुष्टि हुई है। ऑनलाइन खरीदारी अब नुकसानदेह साबित हो रही है। गोदामों से चार हजार से अधिक नकली सामान जब्त किया गया। गोदामों पर छापेमारी के बाद भी नकली सामान की बिक्री पर नियंत्रण नहीं किया जा सका है। हर बार छापे में सामान जब्त किया जाता है। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर इस साल जून तक सात हजार से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। वर्ष 2024 में करीब पांच हजार और वर्ष 2023 में ढाई हजार शिकायत मिली थीं। इस साल नकली वस्तुओं की शिकायतें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश से एक हजार से अधिक प्राप्त हुई हैं। दिल्ली से 512, बिहार से 460 और उत्तराखंड से 78 शिकायत मिली हैं। लक्जरी वस्तुएं ब्रांडेड कंपनी का उत्पाद बताकर नकली सामान सबसे ज्यादा बेचा जा रहा है। नकली सामान की शिकायत मिलने पर भारतीय मानक ब्यूरो के छापे में नकली सामान जब्त होने के बाद भी दोषी ई-कामर्स कंपनी के खिलाफ कार्रवाई नहीं किये जाने से नकली सामान बेचने की धोखाधड़ी बंद नहीं हो रही है। सरकार को ई-कामर्स कंपनियों के अवैध धंधे पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाने की जरूरत है। उपभोक्ता को भी जागरूक होना होगा। दरअसल वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप से बचने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लॉकडाउन लागू किया। बाजार बंद रहे, उस दौरान ऑनलाइन शॉपिंग के जरिये होम डिलीवरी से उपभोक्ताओं तक सामान पहुंचाया गया। स्थिति सामान्य होने पर भी कुछ लोग ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं। ई-कामर्स कंपनियां नकली सामान खपा रही हैं। उपभोक्ताओं को पुनः बाजार में दुकानों और मॉल से सामान खरीदना लाभदायक होगा। बाजार में वैरायटी भी मिलती है।

# लोकगीत एवं सुगम संगीत के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सरोवर नगरी नैनीताल की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक व नाट्य संस्था युगमंच एवं शारदा संघ की संयुक्त पहल के रूप में तथा चंद्रेश साह शक्ति के सहयोग से आयोजित डॉ. सुशीला शाह मेमोरियल लोकगीत एवं सुगम संगीत प्रतियोगिताओं में दिव्यांशी गोसाई, सूर्यांश राणा, हर्ष सहदेव और नेहा आर्य ने सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

लोकगीत जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में दिव्यांशी गोसाई ने प्रथम, हर्षिता गोसाई ने द्वितीय तथा नित्यांश पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि ऋषभ रैकवाल तथा वैष्णवी गोसाई को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ साथ ही दिशानी कार्की एवं अवरनीका जोशी की प्रस्तुति सराहनी रही। लोकगीत प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की संगीत शिक्षिका नेहा आर्य ने प्रथम, अनुष्का कोहली ने द्वितीय तथा दिया आर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इस वर्ग में मोनिका आर्य एवं रिचा सनवाल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ जबकि रिद्धिमा आर्य एवं जतिन कुमार की प्रस्तुति सराहनी रही। सुगम संगीत प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सूर्यांश राणा ने प्रथम, हर्षिता गोसाई ने द्वितीय तथा दिव्यांशी गोसाई ने तृतीय स्थान प्राप्त कियाए तथा ऋषभ रैकवाल एवं सार्थक पांडे को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ साथ ही काव्या पांडे एवं वैष्णवी गोसाई की प्रस्तुति सराहनी रही। सुगम संगीत प्रतियोगिता के ही सीनियर वर्ग में हर्ष सहदेव ने प्रथम पुरस्कार, अनुष्का कोहली ने द्वितीय पुरस्कार तथा मोनिका आर्य ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया जबकि आकाश कुमार एवं रोहित कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिले तथा दिव्यांश एवं धीरज बोरा की प्रस्तुति सराहनी रही।

पुरूस्कार वितरण समारोह के दौरान शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव प्रो. घनश्याम लाल शाह, उपाध्यक्ष चंद्र लाल शाह समेत रोहित शाह, युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम द्वारा विजेताओं सहित संगीत पक्ष के नवीन बेगाना, संजय कुमार, अमन महाजन, अभय बडोला, दिव्यम कटिहार को तथा सफ ल संचालन हेतु डॉ. हिमांशु पांडे को सममानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान हेतु आयोजक टीम के मनोज कुमार, कौशल शाह जगाती, डीके शर्मा, रफ त आलम एवं निर्णायकों के रूप में स्मित तिवारी तथा गौरव बिष्ट को सममानित किया तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. रवि जोशी, बीना साह, मदन सिंह मेहरा, सुशील पांडे, मुन्नी बानो, दीपा पांडे, भारती साह, नासिर खान, अमृत कुमार, अनिल कुमार, रोहित जोशी, वीरेंद्र साह आदि की उपस्थिति ने सभी को उत्साहित किया। आयोजन को सफ ल बनाने में हेमंत साह, पूनम काडाकोटी, रानी साह, प्रियंका तथा जय जोशी आदि ने योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान डा. रवि जोशी द्वारा जहूर आलम की गजल की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा निर्णायकों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं।

## सडक़ किनारे पार्क वाहनों को हटाने की अपील

**नैनीताल।** नैनीताल हल्द्वानी मार्ग में धर्मशाला से जेल तक सडक़ किनारे पार्क वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। पुलिस ने लोगों से सडक़ किनारे पार्क वाहनों को हटाने की अपील की है।

बता दें कि नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में पार्किंग की समस्या के चलते लोग वाहन सडक़ किनारे पार्क करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन सडक़ में पार्क वाहनों से जाम लगने की समस्या भी होती है। बीते लंबे समय से लोग तल्लीताल धर्मशाला से जेल गेट तक वाहन पार्क कर रहे हैं। वीकेंड के दौरान सडक़ के किनारे वाहन पार्क होने से कई बार जाम लग रहा है। जिससे आवाजाही करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन उसके बाद भी पुलिस सडक़ से पार्क वाहनों को नहीं हा पा रही है। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि मेले के कारण इस बार वीकेंड ज्यादा दबाव वाला था। आगे सडक़ किनारे वाहन पार्क करने वालों पर नजर रख चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# संकुल स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता में 28 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



संकुल स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता में दुर्गापुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के 28 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें से 19 ने प्रथम स्थान पर रहे जबकि तीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बता दें प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में बाल वर्ग की सांस्कृतिक प्रश्न मंच की टीम में विद्या, केवट, यश कुमार, मनीषा आर्या तथा शिशु वर्ग वैदिक गणित टीम में आयुष धौनी, यशस्वी जोशी और नमन साह और बाल वर्ग वैदिक गणित प्रश्न मंच की टीम में समृद्धि अधिकारी, नमन कुरिया व चिराग चौहान तथा चित्रकला में शिशु वर्ग में मनुज बिष्ट और कथा कथन बाल वर्ग में आयत अली जबकि विज्ञान पत्र वाचन शिशु वर्ग में नम्रता वही बाल वर्ग विज्ञान पत्र वाचन में महक नेगी, वैदिक गणित पत्र वाचन बाल वर्ग में नूर फ ातिमा तथा गणित प्रयोग बाल वर्ग में.जिगर डालाकोटी, गणित मॉडल बाल वर्ग में रौनक आर्या ने बाजी मारी।

इसके अलावा विज्ञान प्रयोग बाल वर्ग में पलक आर्या, विज्ञान मॉडल बाल वर्ग में वैष्णवी जीना, गणित मॉडल शिशु वर्ग में रित्विक बिष्ट ने संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा द्वितीय स्थान पर बाल वर्ग विज्ञान प्रश्न मंच की टीम में मान्या बिनवाल, भूमिका भट्ट और तनिष्का आर्या रहे। आचार्य पत्र वाचन प्रतियोगिता में श्रीमती पूर्णा नयाल ने संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता भैया/बहनों को संभाग स्तर की प्रतियोगिता के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह तथा समस्त स्टाप और प्रबंधक डा. सूर्य प्रकाश तथा कोषाध्यक्ष रमेश जीना ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## फिल्मी दुनिया

# नेपाल हिंसा के बीच मनीषा कोइराला का छलका दर्द



*हमारा पड़ोसी देश नेपाल इस समय काफी मुश्किलों में है। इसकी वजह है सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर बैन, जिसके विरोध में जोरदार आंदोलन हो रहा है। इसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। अब इस घटना पर बॉलीवुड एक्ट्रेस मनीषा कोइराला का दर्द छलका है और उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है।*

*अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने एक खून से सने हुए सफेद जूते की तस्वीर शेयर की है। ये मात्र फोटो नहीं है, बल्कि नेपाल में हो रही हिंसा का एक सबूत है, जो काफी भयावह प्रतीत हो रहा है। इस पोस्ट के साथ मनीषा कोइराला ने कटाक्ष करने वाला कैप्शन दिया है। उन्होंने नेपाली भाषा में लिखा, 'आजको दिन नेपालका लागि कालो दिन हो- जब जनताको आवाज, भ्रष्टाचारविरुद्धको आक्रोश र न्यायको मागलाई गोलीले जवाफ दिइयो।' इसका अर्थ हुआ कि आज नेपाल के लिए एक काला दिन है- जब लोगों की आवाज, भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश और न्याय की मांग का जवाब गोलियों से दिया जाता है।*

### आखिर क्यों हो रहा है ये विरोध?

*नेपाल देश में ये आंदोलन इसलिए हो रहा है, क्योंकि नेपाल की ओली सरकार ने फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर पर बैन लगा दिया है। हालांकि सरकार ने ये कदम सुरक्षा का हवाला देते हुए उठाया। अब इसे लेकर नागरिकों द्वारा भारी विरोध किया जा रहा है, जिसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। हिंसा के बाद स्थानीय प्रशासन ने नेपाल की राजधानी के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया है। काठमांडू के अलावा, ललितपुर जिले, पोखरा, बुटवल और सुनसराय जिले के इटाहारी में भी कर्फ्यू के आदेश जारी किए गए।*

# कांग्रेस संगठन सृजन अभियान चंपावत में युवाओं का बढ़ता रुझान

**चंपावत**

**हमारे संवाददाता**



कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय चंपावत, नगर पालिका लोहाघाट, ब्लॉक पाटी, बाराकोट, चंपावत, लोहाघाट तथा टनकपुर-बनबसा क्षेत्र में व्यापारियों और आम जनता से मुलाकात कर राय जानी।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के लिए 12 दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की, जिनमें से 80 प्रतिशत युवा (30 से 40 वर्ष आयु वर्ग) शामिल हैं। कांग्रेस ऑब्जर्वर संगीता बेनीवाल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर डॉ. गणेश उपाध्याय व प्रवक्ता उत्तराखंड कांग्रेस जिला चंपावत के सात दिवसीय दौरा करने के उपरांत संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि युवाओं का कांग्रेस की ओर तेजी से झुकाव पार्टी के लिए सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायती चुनावों में भाजपा सरकार ने जिला प्रशासन के सहयोग से हेराफेरी कर जनादेश का दुरुपयोग किया। वक्ताओं ने कहा कि चंपावत सहित पूरे उत्तराखंड में कांग्रेस के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

प्राकृतिक आपदाओं और भारी बारिश के बाद सरकार की निष्क्रियता को लेकर भी जनता में गहरा रोष है। चंपावत जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 12 दिन तक बंद रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जबकि स्थानीय विधायक और मुख्यमंत्री खुद पुष्कर सिंह धामी हैं। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि जनता भाजपा की नीतियों से त्रस्त है और 2027 में निश्चित रूप से उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## News कॉर्नर

### युवक ने लगाया मारपीट व लूटपाट का आरोप

**हल्द्वानी।** एक युवक ने अपने साथ मारपीट व लूटपाट का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर आपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है ।पुलिस को सौंपी तहरीर में पंकज रावत पुत्र नारायण रावत निवासी पांडे गार्डन मंगल पड़ाव, हेमन्त शर्मा (मोनू) पुत्र शिव शर्मा सब्जी मंडी,ओर शुभम पांडे पुत्र खीमा नंद पांडे निवासी मंगल पड़ाव ने कहा है कि वह अपने दोस्तों के कालाढूंगी रोड स्थित एक स्वीट्स की दुकान के आगे खडे थे जिसमें 15-20 अज्ञात लोग आये और हमारे पीछे से हमला कर दिया जिसमें हमारे शरीर में काफी चोट आयी है जिसमें हमारे गले की 2 तोले की चैन हाथ की अंगूठी और आईफोन और जूते और कपडे तक फाड दिये गये । जिसमें हमारा शारीरिक नुकसान हो गया है वो सभी लोग हम लोगों को जान से मारने के उससे आये थे जिसमें पर्स और पैसे भी गायब हो गये हैं।

### दोस्त के साथ खड़ा युवक पर दबंगों ने धारदार हथियारों से हमला किया

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने आधा दर्जन दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दबंगों पर एक युवक के साथ मारपीट कर धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप है। करन कुमार पुत्र स्व.भरत कुमार निवासी शिवनगर वार्ड 9, ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को बताया कि वह 7 सितंबर 25 को लगभग शाम 9:30 बजे अपने दोस्त मोनू के साथ चामुंडा मंदिर के पास खड़ा था। आरोप है कि तभी सूरज मिस्त्री पुत्र दुलाल मिस्त्री निवासी शमशान घाट, रूद्रपुर, रोहित सरकार पुत्र विजय सरकार निवासी- ट्रांजिट कैंप,हिमांशु कश्यप उर्फ जस्सी पुत्र बाबूराम निवासी- गड् ?डा कॉलोनी,शिवम निवासी- शमशान घाट रोड, रूद्रपुर,अल्लू निवासी- शमशान घाट से तलवार लेकर आये और बिना किसी बात एक राय होकर गाली गलौच व मारपीट करने लगे। बाद में तलवार,चाकू से हमला किया।

# बैठक में वीरेंद्र यादव सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित, पूर्व विधायक शुक्ला ने दी बधाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सोमवार को किच्छा रोड स्थित एक होटल में नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम की अध्यक्षता में रुद्रपुर ब्लॉक के ग्राम प्रधानों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय विकास, पंचायत स्तर पर समन्वय और जनहित के मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से ग्राम आनंदपुर के वरिष्ठ ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव को ग्राम प्रधान संगठन का अध्यक्ष चुना गया। शुरुआत में दानपुर के ग्राम प्रधान मंदीप वर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की, लेकिन बाद में उन्होंने सामूहिक हित को प्राथमिकता देते हुए अपनी दावेदारी वापस ले ली और सभी की सहमति से वीरेंद्र



यादव को प्रधान संगठन का अध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त, संगठन के अन्य पदाधिकारियों का भी सर्वसम्मति से चयन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर कविता तिवारी, विनीत सोलंकी और नाजिया खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में छत्रपाल कश्यप, महासचिव के रूप में मनविंदर सिंह, जबकि नेहा पुजारा, आशीष यादव, रेखा और दीपा कांडपाल को सचिव चुना गया। मो. उस्मान को कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ ग्राम प्रधान हरीश भट्ट एवं गौसिया रहमान को संरक्षक नियुक्त किया गया। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया और संगठन को सशक्त नेतृत्व प्रदान करने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भी नव निर्वाचित अध्यक्ष व पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की जड़ हैं और इनके नेतृत्व को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। प्रधान संघ के माध्यम से ग्राम स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सकेगा। उम्मीद करता हूं कि नव निर्वाचित टीम विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम ने कहा कि ग्राम प्रधानों की भूमिका जमीनी स्तर पर सबसे महत्वपूर्ण है और सभी जनप्रतिनिधियों को समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करना चाहिए। बैठक में ग्राम प्रधान चाचर से तुलसी देवी, बरी से नेमचंद राठौर, शहदौरा से मोहम्मद उस्मान, बखपुर से रोशनी देवी, आनंदपुर से वीरेंद्र यादव, मलसी से राजेंद्र कुमार दास, मटकोता से दीपक गोस्वामी, लोहड़ी से रेखा देवी, नारायणपुर कोठा से दीपिका देवी, भगवानपुर कोलडिया से विनीत सिंह सोलंकी, सैजना से विजय यादव, दोपहरिया से अमन कुमार, सतुइया से छत्रपाल कश्यप, भंगा से रविंदर गंगवार,खमिया नंबर दो से कविता तिवारी, मालसा गिरधरपुर से मनीशा यादव, किरतपुर से आशीष यादव, तुर्कागौरी से रोली यादव, महाराजपुर से नेहा पुजारा, गरडिया बाग से शशिकला यादव, नजीबाबाद से राहुल कुमार, खमिया नंबर एक से दीपा कांडपाल, खुरपिया से पूजा, दानपुर मंदीप वर्मा, छतरपुर से हरीश भट्ट, रमेश्वरपुर से मनिंदर सिंह, कच्ची कमरिया से कपिल मलिक, कनकपुर से गुरमेज सिंह, दरऊ से एडवोकेट नाजिया, फिरोजपुर से हकीम अली, भमरोला से गोसिया रहमान, बागवाला से प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# मंडलीय कार्यालय काठगोदाम में गरजे रोडवेज संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वेतन न मिलने से त्रस्त रोडवेज कर्मचारी सँयुक्त मोर्चे के पदाधिकारियों ने मंडलीय कार्यालय संचालन काठगोदाम के कार्यालय के समीप सवेरे 10बजे से 5 बजे से तक धरना-प्रदर्शन कर निगम प्रबंधन और सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया,सँयुक्त मोर्च के तत्वावधान में उत्तराँचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ,उत्तराखंड रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन ,उत्तराखंड एस सी एस टी श्रमिक संघ के नैनीताल परिक्षेत्र के काठगोदाम, हल्द्वानी, रुद्रपुर, भवाली, काशीपुर, रुद्रपुर, रामनगर,अल्मोड़ा डिपो के सैकड़ो सदस्यो ने प्रतिभाग किया, वक्ताओं ने कर्मचारियो को समय पर वेतन देने, प्रदेश में डग्गामारी पर अंकुश लगाने, विभाग में अनुबंधित वाहनों के बढ़ती संख्या को कम किया जाय,कर्मचारियों ने सभी डिपो में हो रही आय की कमी पर भी गहरी चिंता जताई,अगर ये घाटा ऐसे ही बड़ा तो परिवहन निगम की कमर टूट जायेगी, विभाग के अधिकारी आय में चालक/परिचालकों पर दोषारोपण कर अपना पल्ला झाड़ रहा है,वक्तताओ ने सरकार से मांग कर इसमें दखल की मांग कर परिवहन निगम को



बचाने की अपील की,धरने -प्रदर्शन पर उतरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै,क्षेत्रीय अध्यक्ष आंनद बिष्ट मंत्री मनिंदर सिंह, रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वर्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकुमार, मंत्री अजय शर्मा,एस सी एस सी श्रमिक संघ के किशन आर्या, विमल कुमार सहित जलील अहमद, मनोज भट्ट,हेमंत गड़िया, गुरुवेल सिंह,बलदेव सिंह, गोपेश्वर श्रीवास्तव, कौशल यादव,धर्मेंद्र बिष्ट,विनोद कुमार, मनोज भट्ट,कैलाश कांडपाल, किशोरी लाल,जोगेंद्र सिंह,जितेंद्र सिंह,दिलशाद हुसैन, साजिद अली,अमित कुमार,हेम बेलवाल,नरेश पाल, हरजीत कौर, धर्मपाल कंबोज, पवन कुमार, भगवान दास,नीरज कन्याल,रेहान अली,संदीप बिष्ट,मनोज यादव,ब्रजेश सिंह, प्रदीप शर्मा,आफताब,अख्तर चौधरी,दिनेश दुम्का, गोविंद बल्लभ जोशी,नितिन दीक्षित,दुर्गा प्रसाद,गजेंद्र सिंह, दीपाल सिंह,धीरज गुप्ता,गुरनाम सिंह,राकेश आर्या,इकबाल अहमद,पूरन राम,नितेश शर्मा, भुवन भट्ट,चिमन लाल,सुमित कुमार,विजय पाल सिंह,अमित मलिक,सतीश लाल,राजवीर सिंह,दयाल सिंह,मनोहर सिंह,चंद्र कांत,हेम उपाध्याय,नवीन लोहनी,शंकर नेगी,अमन कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# वाल्मीकि प्रकट दिवस को भव्य रुप से मनाने हेतु बैठक का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वाल्मीकि आश्रम समिति मल्लीताल द्वारा सोमवार को वाल्मीकि प्रकट दिवस को भव्य रुप से मनाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

बता दें भैठक की अध्यक्षता धर्मेश प्रशाद व महासचिव मनोज बेदी द्वारा संचालन किया गया। बैठक में बताया गया कि सांसद अजय भट्ट द्वारा दी गयी धनराशि से आश्रम का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया है। बैठक में सभी पदाधिकारियों द्वारा वाल्मीकि प्रकट दिवस को भव्य मानने हेतु विचार रखे गये जिसमें मनोज बेदी द्वारा कहा गया कि समस्त वाल्मीकि समाज इस भव्य दिवस पर बढ चढ़ कर हिस्सा ले और प्रदेश अध्यक्ष भारतीय वाल्मीकि धर्म सामाज व संरक्षक आश्रम समिति मल्लीताल नैनीताल मनोज पवार ने अध्यक्ष धर्मेश प्रशाद व मनोज बेदी महासचिव की कही बातो का समर्थन किया। बैठक में मंजीत सहदेव उपसचिव, सचिन जानोटा संघठन मंत्री,राजेश कुमार, अजय बेदी, यशपाल तथा सोनू भगत व्यस्थापक,मुकेश तथा अजय जोहरी मिडिया प्रभारी व विरेंद्र आदि मौजूद रहे।



# सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज का स्थापना दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज का स्थापना दिवस सोमवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुखय अतिथि अपर जिला अधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। अपनी संस्कृति को सहेजना हम सभी की जिमेदारी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को एक नया मंच मुहैया होता है और उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर मंजूषा ने मुखय अतिथि तथा निर्णायकों व सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस उत्सव का उद्देश्य सबको साथ लेकर चलना और एक दूसरे से प्रेरणा लेना है। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नाटक तथा नृत्य नाटिका, समूह गीत तथा काव्य पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का विषय शांति और सद्भाव रहा। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला व प्रतिभा से भी का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में सेंट मेरी कान्वेंट नैनीताल ने पहला जबकि शेरवुड कालेज नैनीताल ने दूसरा स्थान हासिल किया।

निर्णायक मंडल में डॉ. हरिप्रिया पाठक, डॉ. रितेश साह, डॉ. गगनदीप होटी, डॉ.अशोक कुमार, डॉ. रीना सिंह, दीपक बलानी, मंजू पाल, नीरज सिंह, राकेश साह तथा सुप्रिता साह रहे। इस अवसर पर सिस्टर शीबा, सीमा, ग्रेस समेत शेरवुड के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू, अंजना रिचर्ड्स, ब्रदर्स सैविस्टन, बीना रावल, शैलजा जोशी, नमिता, डोनिया ,दीप्ती, शालिनी, अर्जुन बोहरा, संदीप सिंह, रवि कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



### कोर्ट से घर जा रहा व्यक्ति को रास्ते में रोक कर गाली गलौज,जान से मारने की धमकी

**रुद्रपुर।** थाना पन्तनगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक जसवन्त सिहं पुत्र स्व सरदार सिहं अलखदेवा थाना गदरपुर ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि 25 अगस्त 25 को वह रुद्रपुर कोर्ट में तारिख पर आया और कोर्ट से अपने घर को जा रहा था ।

# अयारपाटा वार्ड में समस्याओं के समाधान की गुजारिश की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के अयारपाटा वार्ड के वाशिंदों को इन दिनों कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है, मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत को समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग पत्र लिखकर उनका त्वरित समाधान करने की गुजारिश की है।

जगाती के मुताबिक अयारपाटा वार्ड में मन्नू महारानी चौराहे से लेकर



नैनी रिट्रीट होटल के गेट तक/धामपुर बैंड में एचपी गैस के ट्रक के गलत तरीके से पार्क होने, मसजिद तिराहे से लेकर अरोमा होटल मार्ग तक, डलहौजी मार्ग व गर्नी हाउस से सेकलेज गैस्ट हाउस तक मार्ग में कई टैकसी वाहन समेत होटलों के वाहनों को पार्क किया जा रहा है, जिसकी वजह से आए दिन इन सभी मार्गो में जाम लग जाता है, जगाती के मुताबिक कई वाहनों के भीतर तो लोग नशे का सेवन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयारपाटा के विभिन्न स्थानों पर व मार्गो में खुले आम लोग नशे का सेवन भी कर रहे हैं।

जगाती ने कहा कि विमल कुंज से बारापत्थर पैदल मार्ग,अरविन्द आश्रम मार्ग व उसके पीछे तथा डीएसबी कालेज के पास शिव मंदिर के समीप तथा मसजिद तिराहे से अरोमा होटल मार्ग में अराजक तत्व बैठकर नशे का सेवन कर रहे हैं।

# समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान वार्डवार जन सुविधा शिविरों का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना के निर्देशन में हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नियमित रूप से वार्डवार जन सुविधा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

नगर निगम के वार्ड संख्या 25 और 26 में जन सुविधा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। दोनों वार्डों में यह शिविर पार्षद कार्यालय हल्द्वानी में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए गए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत तथा सामूहिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष



प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविरों के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्यत: आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड* जारी करने जैसी समस्याएँ प्रमुख रूप से उठाई गईं। अधिकारियों ने इनमें से शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया , जबकि अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 54 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। शिविर में पूर्ति विभाग से जुड़े कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़े जाने संबंधी प्रार्थनापत्र सम्मिलित थे। इन सभी आवेदनों का निस्तारण विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही किया गया। जन सुविधा शिविर में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जी. के. भट्ट, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, वार्ड संख्या 25 की पार्षद सीमा अंजुम तथा वार्ड संख्या 26 की पार्षद रेशमा प्रवीन उपस्थित रहे। जन सुविधा शिविर , वार्ड संख्या 23 एवं 24 के पार्षद कार्यालय, आयोजित किया गया जहां लोगों की समस्या का निवारण किया गया।